

नवभारत
सतना, रविवार, 04 जनवरी 2026


# एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें : जैन

## शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करें, कलेक्टर ने योजनाओं की समीक्षा की

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 3 जनवरी, मऊगंज के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्टर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में कार्यवाही की समीक्षा की. कलेक्टर ने कहा कि कमिश्नर्स और कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में की गई कार्यवाही की उच्च स्तर से निरंतर समीक्षा की जा रही है.**

सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें. जिले के विकास से संबंधित ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना, विधानसभा क्षेत्र विकास के लिए बनाई गई कार्य योजना तथा वर्ष 2047 तक विकसित जिला बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप विभाग की तीन वर्ष की कार्ययोजना बनाएं. इस कार्ययोजना के वर्षवार लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करें. इसमें किसी तरह की कठिनाई होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराएं. विभागीय समीक्षा बैठकों का नियमित रूप से आयोजन करें. सभी अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला



कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करें. गर्भवती महिलाओं में महिलाओं की जांच तथा टी.बी. स्क्रीनिंग की शत प्रतिशत पूर्ति करायें. हर महीने प्रसव के दौरान हुई मौत की घटनाओं की ऑडिट कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें. प्रत्येक गर्भवती महिला को यदि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने केन्द्र में ही आयरन की गोली खिला दे तो एनीमिया पर पूरा नियंत्रण हो सकता है. आमजनता के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े सूचकांकों में तथ्यपूर्ण जानकारी दें. गंभीर रूप से एनिमिक गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन लगाने तथा अतिरिक्त खून चढ़ाने की संवेदनशीलता से मॉनीटरिंग करें. कलेक्टर ने कहा कि कृषकों को व्यवस्थित तरीके से खाद वितरण तथा धस्पकलर सिंचाई के लिए अधिक से अधिक किसानों को जागरूक करें.

### खरीदी केन्द्रों में वारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि योजना सहित लखपति दीदी के बैंक रेट वितरण व किसान क्रेडिट कार्ड के प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि उपार्जन के लिए वारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये. उन्होंने भीमराव अम्बेडकर, कामधेनु योजना की प्रगति को बढ़ाने तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करने के निर्देश दिये. इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय मौजूद रहे.



# देवधरा धाम में मानस पाठ के साथ बांटा गया प्रसाद

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 3 जनवरी, नववर्ष के प्रथम शनिवार के अवसर पर जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज के द्वारा देवधरा धाम (रामपुर मऊगंज) में मऊगंज जिले के जनमानस के कल्याण, उत्थान व सम्मान के लिये धार्मिक आयोजन किया गया.**

जिसमें देवी देवताओं के पूजा अर्चना के उपरांत श्री रामचरित मानस के सुन्दरकाण्ड का सस्वर गायन पाठ गायक जनार्दन प्रसाद पाण्डेय अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र मझिगवां, लालजी गिरि तड़ौरा, अनिल गिरि तड़ौरा व उनके सहयोगियों द्वारा मनमोहक अंदाज में किया गया. परिषद् के संयोजक संतोष मिश्रा ने सभी आये भक्तों का नववर्ष के अवसर पर अभिनंदन किया. धामिक आयोजन के संयोजक अशोक कुमार सिंह सेंगर सेमरिया के साथ ग्राम पंचायत रामपुर के सरपंच अखिलेश कुमार शुक्ला, सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र मिश्रा डिघौल, ग्राम पंचायत पन्नी के सरपंच महेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रदीप मिश्र पटेहरा, रोहित सिंह, अधिवक्ता संघ मऊगंज के उपाध्यक्ष कृष्णेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता भोलेन्द्र पाण्डेय, समाजसेवी संतोष कुमार अवधिया बबलू, अखिलेश श्रीवास्तव राजू, विपिन शुक्ला व विवेक शुक्ला राजू ढेरा, मोहन सिंह, सच्चिदानन्द शुक्ला, मनोज बाजपेयी, गेंदलाल पटेल, रामजी, भोला भारती सेमरिया आदि मौजूद रहे.

# जिला विकास संघर्ष परिषद् ने कलेक्टर एसपी का किया अभिनंदन

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 3 जनवरी, नववर्ष के प्रथम दिवस 01 जनवरी 2026 के पावन पुनीत बेला पर जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा के संयोजन में जिला कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर ए. पी. द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज का जिला कार्यालय मऊगंज में पहुंचकर साल, पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण से अभिनंदन करते हुये नववर्ष की मंगल कामनायें प्रेषित की गई.**

इस अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा आये हुये सामाजिक व अधिवक्ताओं को मऊगंज जिले की विकास की कार्य योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया. इस अवसर पर अधिवक्ता संघ मऊगंज के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद शुक्ला, उपाध्यक्ष कृष्णेन्द्र तिवारी, लाइब्रेरियन रामकृष्ण गुप्ता हनुमना अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामरक्षा शुक्ला, समाजसेवीगण पं. केशव प्रसाद मिश्र घुरेहटा, के.डी. शुक्ला हनुमना, पूर्व प्राध्यापक प्रो. रवी प्रताप द्विवेदी हनुमना, पन्नालाल शुक्ल मढ़ा, संतोष कुमार अवधिया बबलू, अधिवक्ता शिवशंकर मिश्र राजू, देवेन्द्रनाथ मिश्रा, पूर्व सरपंच सत्यनारायण वर्मा व पारसनाथ शुक्ला देवीपुर नईगढ़ी, व्यवसायी व समाजसेवी बसंत मोहिते, अनिल कुमार गुप्ता, अधिवक्ता प्रकाश शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ मऊगंज ज्ञानेन्द्र सिंह परिहार, पूर्व सचिव अधिवक्ता अनिल तिवारी, नरेन्द्र पाण्डेय, अधिवक्ता गुलशेर अहमद की सहभागिता रही.

# उत्कृष्ट कार्य के लिए समाजसेवियों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 3 जनवरी, नववर्ष की पूर्व संध्या पर विश्व गीता प्रतिष्ठानम के जिला अध्यक्ष रमेश पाण्डेय ने समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले पत्रकार, समाजसेवियों के साथ अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया.**

प्रमुख रूप से वरिष्ठ पार्षद विश्वनाथ मिश्रा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अजय मिश्रा, एस आरपी महाविद्यालय हनुमना के प्राचार्य रुक्मिणी रमण शुक्ल, अधिवक्ता संघ सचिव एड.उमेश दुबे, बरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्रा, एड.पंकज मिश्रा, एड.शिवशंकर मिश्रा,एड. मनीष मिश्रा,मऊगंज बीईओ शत्रुघ्न मिश्रा, यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह, शिक्षा विद पंडित रामकिंकर मिश्रा, रामकृष्ण मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी केशव मिश्रा, कर्दम ऋषि तिवारी, रत्नेश्वर द्विवेदी, राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान के सदस्य विपिन सिंह, आचार्य चन्दप्रताप दुबे, समाजसेवी नेता अखिलेश पाण्डेय प्रमुख रूप से शामिल रहे.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि पत्रकार कड़ी मेहनत, निष्ठा और समर्पण के बगैर समाज की वास्तविक समस्याओं को उजागर करना संभव नहीं है. वे सरकार की योजनाओं और नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता लोकतंत्र को मजबूत करती है. ऐसे में समाजसेवा में सक्रिय लोगों का सम्मान करना समाज का नैतिक दायित्व है. इस अवसर पर सम्मानित लोगो ने कहा कि इस तरह का सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ काम करने की प्रेरणा मिलती है.



# बदखर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया नव वर्ष

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 3 जनवरी. भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बदखर में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष पूर्व पार्षद रामपाल यादव रहे।**

विशिष्ट अतिथि श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के मीडिया प्रभारी सुनील सिंह रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रामपाल यादव ने कहा कि इस नव वर्ष में सभी नागरिकों में आपसी भाईचारा कायम करने की जरूरत है नई पीढ़ी को एक अच्छा नागरिक बनाने में सुंदर समाज का निर्माण करने में सभी नागरिकों को मिल कर प्रयास करना चाहिए ताकि आने वाले समय में हम एक बेहतर समाज निर्मित करें.




धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी

# मीडिया आईना दिखाने का काम करता है : इंजी .नरेन्द्र



**नवभारत न्यूज**
**मनगवां, 3 जनवरी, मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति द्वारा नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया. इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडिया कर्मियों को सम्मानित भी किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि लोकतंत्र के चार स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं स्वतंत्र पत्रकारिता है. पत्रकारिता जगत के द्वारा ही लोकतांत्रिक प्रणाली से चुने हुए जनप्रतिनिधियों को उत्कृष्ट, न्यायसंगत एवं जनहिताय कार्य करने के लिए आइना दिखाने का काम करते हैं. भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की मूल अवधारणा 'अंत्योदय से राष्ट्रोदय' की प्रतिपूर्ति हेतु अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक केन्द्रीय एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए मीडिया जगत अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है. उन्होने कहा कि आप सच्चाई को छापिये और आम जनमानस को जागरूक करिये और मुझे और बेहतर जनता-जनार्दन की सेवा करने में सहयोग करिये. कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि विधायक मनगवां के द्वारा माता सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. इसके पहले विधायक द्वारा मनगवां की कुल देवी मेढुलियन मंदिर में पूजा अर्चना की. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनगवाँ में दीप प्रज्वलित करने के पश्चात अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को फल वितरण किया गया एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनगवाँ की विधायक प्रतिनिधि श्रीमती प्रियंका तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि इन्जीनियर नरेन्द्र प्रजापति का शाल श्रीफल एवं अष्ट लक्ष्मी दर्शन द्वारा, अध्यक्ष जनपद पंचायत गंगेव विकास तिवारी का एवं अध्यक्ष मंडल मनगवां अरुणेन्द्र मिश्रा को शाल श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया. कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल मनगवां के महामंत्री गणेश सिंह द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन विधायक प्रतिनिधि पंकज त्रिपाठी द्वारा किया गया. विधायक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार रंजन त्रिपाठी सहित मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया. इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनगवाँ के खण्ड चिकित्सा अधिकारी देवव्रत पांडेय अध्यक्ष जनपद पंचायत गंगेव विकास तिवारी, अध्यक्ष मंडल मनगवां अरुणेन्द्र मिश्रा, विशेष सलाहकार समिति के सदस्य लवकुश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मंडल मनगवां नामवर सिंह, संजीव उर्मलिया, एडवोकेट बृजभूषण मिश्रा, एड. विष्णुकांत शुक्ला, एड. संतोष तिवारी मौजूद रहे.

# नि :शुल्क जांच और दवाइयां वितरित

**गुढ़, 3 जनवरी,** इंजी.संजय गुप्ता की याद में गठित समिति संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ द्वारा माह की प्रत्येक तीन तारीख को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपलब्ध दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया जाता है. इसी तारतम्य में 25वाँ नि:शुल्क शिविर 03 जनवरी को स्वामी विवेकानंद क्लीनिक गुढ़ में 44 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, जांच और नि:शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया. स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता, डॉ. आरती गुप्ता मौजूद रही.

# प्रदीप शुक्ला की संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए : तिवारी

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 3 जनवरी, जनपद पंचायत हनुमना परिसर में शुक्रवार को आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक मऊगंज लक्ष्मण तिवारी ने तिलिया गांव निवासी प्रदीप शुक्ला की संदिग्ध मौत के मामले को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया.**

लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि यह आयोजन किसी राजनीतिक टकराव के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और न्याय की मांग के उद्देश्य से किया गया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन से अनुमति ली गई थी, बावजूद इसके आपत्तियां सामने आईं, जो दुर्भाग्यपूर्ण हैं. तिवारी ने भावुक होते हुए कहा कि नया वर्ष सकारात्मक सोच के साथ शुरू होना चाहिए और प्रशासन को भी निष्पक्षता के साथ पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में कार्य करना चाहिए. पूर्व विधायक ने प्रदीप शुक्ला की मौत को लेकर उठ रहे सवालों पर गंभीरता से जांच की मांग की. उन्होंने कहा कि यदि परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं तो निष्पक्ष जांच जरूरी है, जिससे सच्चाई सामने आ सके. उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में जनआंदोलन जनता की आवाज होते हैं और इन्हें दबाने के बजाय सुना जाना चाहिए. अपने संबोधन में तिवारी ने क्षेत्र में बढ़ती अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार पर भी चिंता जताई उन्होंने कहा कि यदि न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा. कार्यक्रम में कांग्रेस-भाजपा के स्थानीय नेताओं पर भी उन्होंने कटाक्ष किया और कहा कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे जनता के साथ खड़े हों. सामाजिक कार्यकर्ता कमांडो अरुण गौतम, सरोज गुप्ता श्याम बाबू गुप्ता टिंकल उपस्थित रहे.

# नव वर्ष के उपलक्ष्य पर निरंकारी सतगुरु का खुशियों और आशीष भरा पावन संदेश

## निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना : निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 3 जनवरी। नव वर्ष के उपलक्ष्य में संत निरंकारी मंडल ब्रांच सिंधी कालोनी सतना में महात्मा डॉक्टर जे. पी. सेवानी के पावन सानिध्य में सत्संग संपन्न हुआ।**

आगे महात्मा सेवानी जी ने गुरु का संदेश देते हुए फरमाया कि निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना है।यह प्रेरणादायक प्रवचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर आयोजित विशेष सत्संग समारोह में व्यक्त किए गये। इस सत्संग में सभी भक्तों ने नव वर्ष के प्रथम दिन सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में उनके दिव्य दर्शन और प्रेरणादायक प्रवचनों से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया। सतगुरु माता जी ने अपने उद्बोधन में फरमाया कि नववर्ष का प्रथम दिवस हमें संतों के वचनों को सुनने और उन्हें जीवन में अपनाने का अनमोल अवसर देता है। जहाँ संसार वर्ष की शुरुआत मौज-मस्ती से करता है, वहीं संत सत्य और सत्संग का मार्ग चुनते हैं। सत्संग से आरंभ हुआ जीवन हर पल निरंकार के एहसास को और अधिक दृढ़ करता चला जाता है।तार्किक रूप से नववर्ष केवल धरती का सूर्य के चारों ओर एक चक्कर और ऋतुओं का परिवर्तन है। हम शुभकामनाएँ देते हैं और नए संकल्प लेते हैं, पर वास्तविक परिवर्तन तभी सार्थक होता है जब वह भीतर से आए। संत आत्ममंथन द्वारा सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं और निरंकार को सर्वोपरि मानते हुए सेवा, सुमिरन और सत्संग को जीवन की प्राथमिकता बनाते हैं।

सतगुरु माता जी ने कहा कि एक भक्त की यही कामना होती है कि हर नया वर्ष उसे पहले से अधिक सेवा, सुमिरन और सत्संग से जोड़े, साथ ही वह अपनी सांसारिक जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा से निभाए। जब जीवन स्वयं संदेश बन जाए और कर्म शब्दों से अधिक बोलें, तभी सच्ची साधना का स्वरूप प्रकट होता है। इसी क्षण में, पूरी चेतन अवस्था के साथ, निरंकार के एहसास में जीना ही वास्तविक जीवन है, क्योंकि भूत और भविष्य माया का रूप हैं। जब मन में यह विश्वास दृ? हो जाए कि कल भी दातार की र?ा थी और आज भी उसकी कृपा है, तो चिंता स्वत: समाप्त हो जाती है और जीवन सहज और संतुलित बन जाता है। नववर्ष केवल तारीख़ का परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रेम, मिठास, सौम्यता और समझ को अपनाने का अवसर है।

# मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवाड्र्स 11 और 12 जनवरी को

## मध्यप्रदेश को वैश्विक स्टार्टअप डेस्टीनेशन बनाने की पहल

**नवभारत न्यूज**
**सतना 03 जनवरी मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवाड्र्स 2026 का आयोजन 11 और 12 जनवरी 2026 को रवीन्द्र भवन भोपाल में होगा। यह आयोजन प्रदेश में स्टार्टअप एवं नवाचार इकोसिस्टम को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय पहल के रूप में होगा।**

इस समिट का आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा किया जा रहा है। इससे राज्य में उद्यमिता, नवाचार एवं समावेशी आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। समिट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। इस आयोजन की परिकल्पना मध्यप्रदेश को एक वैश्विक स्टार्टअप गंतव्य के रूप में स्थापित करने के महत्वपूर्ण कदम के रूप में की गई है। समिट का उद्देश्य स्टार्टअप्स, निवेशकों, इनक्यूबेटर्स, उद्योग जगत के लीडर, शैक्षणिक और वित्तीय संस्थानों तथा शासकीय विभागों के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है जिससे नवाचार आधारित उद्यमशील विकास को गति दी जा सके। वर्तमान में मध्यप्रदेश में एक सशक्त एवं समावेशी स्टार्टअप इकोसिस्टम विद्यमान है, जिसमें लगभग 6,344 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स शामिल हैं। इनमें लगभग 3,023 स्टार्टअप्स महिलाओं के नेतृत्व वाले हैं। यह इकोसिस्टम 100 से अधिक इनक्यूबेटर्स के मजबूत संस्थागत ढांचे द्वारा समर्थित है। आयोजन एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत करेगा, संरचित नीतिगत विमर्श एवं स्टार्टअप, निवेशक संवाद को सक्षम बनाएगा तथा एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम अवाड्र्स 2026 के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करेगा। उद्घाटन सत्र के दौरान स्टार्टअप सक्सेस स्टोरीज़ कंपेंडियम का विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें राज्य के उल्लेखनीय स्टार्टअप्स की सफल कहानियाँ सम्मिलित होंगी और यह भावी उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में कार्य करेगा।

एमपी स्टार्टअप समिट 2026 के दो दिवसीय आयोजन के रूप में नियोजित किया गया है, ताकि सभी इकोसिस्टम हितधारकों की सार्थक एवं परिणामोन्मुखी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। पहला दिन 11 जनवरी 2026 को इकोसिस्टम सुदृढ़ीकरण एवं प्रारंभिक चरण के निवेश संवाद पर केंद्रित होगा। इसमें इनक्यूबेटर सस्टेनेबिलिटी पर मास्टरक्लास, एग्री एफपीओ को स्टार्टअप के रूप में विकसित करने पर विषयगत चर्चा, स्टार्टअप पिचिंग का क्वालिफायर राउंड तथा निवेशकों एवं इकोसिस्टम लीडर्स के साथ क्लोज्ड-डोर नेटवर्किंग डिनर होगा। दूसरा दिन 12 जनवरी 2026 को रणनीतिक सहभागिता, मान्यता एवं सेक्टर-विशिष्ट ज्ञान साझा करने पर केंद्रित रहेगा। इसमें स्टार्टअप पिचिंग के फाइनल राउंड, मुख्यमंत्री, डॉ. यादव द्वारा उद्घाटन एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ, स्टार्टअप सक्सेस स्टोरीज़ कंपेंडियम का विमोचन, एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम अवाड्र्स-2026 का वितरण तथा प्राथमिकता वाले विषयों पर सेक्टर-विशिष्ट सत्र शामिल होंगे। एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप् राज्य में स्टार्टअप विकास हेतु नीतिगत पहलों एवं भविष्य की रूपरेखा को प्रस्तुत करेंगे। एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम अवाड्र्स 2026, समिट की एक प्रमुख गतिविधि होगी। छह स्टार्टअप श्रेणियों श्रेष्ठ महिला उद्यमी, श्रेष्ठ युवा उद्यमी, सर्वाधिक नवोन्मेषी स्टार्टअप, श्रेष्ठ प्रारंभिक चरण स्टार्टअप, श्रेष्ठ ग्रोथ-स्टेज स्टार्टअप और प्राथमिकता क्षेत्रों में श्रेष्ठ स्टार्टअप के अंतर्गत नामांकन प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त इनक्यूबेटर्स जैसे प्रमुख इकोसिस्टम योगदानकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। उद्योग जगत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, वेंचर कैपिटलिस्ट्स एवं वरिष्ठ इकोसिस्टम प्रतिनिधियों से युक्त एक जूरी का गठन किया गया है, जो पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदनों का आकंलन कर पुरस्कार विजेताओं की संस्तुति करेगी। इस समिट में लगभग 3 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है, जिनमें स्टार्टअप फाउंडर्स, निवेशक, इनक्यूबेटर्स, एक्सेलेरेटर्स, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान, शैक्षणिक प्रतिनिधि, छात्र, शासकीय अधिकारी एवं उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। प्रदर्शनी में 60 से अधिक स्टॉल्स लगेंगे, जिसमें स्टार्टअप्स के साथ इनक्यूबेटर्स, फंड्स एवं बैंक, एक जिला एक उत्पाद पहल तथा शासकीय विभागों के लिए स्टॉल्स आरक्षित किए जाएंगे।